जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान

09 मई 2023

## आखिर कब रूकेगा अकाल मौतों का सिलसिला

# इन्दौर -इच्छापुर कीलर हाईवे पर लगातार जारी है अकाल मौतों का कहर -तीन दिन में चार लोगों की मौत

## आये दिन होरही दुर्घटनाओं में बुझ चुके है हजारों लोगों के घर के चिराग

**बड़वाह -पूरे प्रदेश में कीतर हाईवे के नाम से कुख्यात हो चुके इन्दौर इच्छापुर हाईवे पर लगातार अकाल मोतों का सिलसिला जारी है । आये दिन हो रही दुर्घटनाओं के चलते अब तक हजारों लोगों की जान लेचुके इस कीलर हाइवे को लेकर अब लोगों का आक्रोश दिनोदिन बएता जारहा है । हालाकि राज्य सरकार द्वारा 2008 में की गई फोरलेन की घोषणा के बाद अब केन्द्र सरकार द्वारा इस हाईवे को नेशनल हाईवे के रूप में घोषित कर अब फोरलेन निर्माण का कार्य लगातार जारी है पिछले तीन दिनों में 3 लोगों की मौत इस खूनी सड़क पर हो चुकी है ।**



### बलवाडा से बड़वाह के बीच तीन दिनों में तीन लोगों की अकाल मौत

केवल पिछले तीन दिनों की ही बात करे तो इस मार्ग ने तीन लोगों को अकाल मोत की नींद सुला दिया । बलवाडा से बड़वाह के बीच लगभग २० किलोमीटर की दूरी के बीच इस खूनी हाईवे पर पिछले तीन दिनों में यमराज का ऐसा तांडव नजर आया कि देखने एवं सुनने वालो का मन सिहर कर रह गया । तीन दिनो में हुये हादसों में एक महिला एवं २ युवकों की मोत हुई ।

### घटना 01

### -सास-दामाद को कंटेनर ने मारी टक्कर-गवालू घाट पुलिया के पास हादसे में सास की मौत; सड़क पर बिखरे अंग

बड़वाह से करीब 20 किमी दूर ग्राम बलवाडा में सौमवार को रेलवे क्रासिंग के पास एक कंटेनर ने बाइक सवार महिला को रौंद दिया। महिला अपने दामाद के साथ मान के कार्यक्रम में सम्मिलित होने जा रही थी। कंटेनर की टक्कर से दोनों सड़क पर गिरे। इसमें दामाद को चोट आई, लेकिन सास कंटेनर के पहिए के नीचे आ गई। इस हृदय विदारक हादसे में महिला का शव सड़क पर बिखर गया। यह देख दामाद के होश फाख्ता हो गए।

पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को बडवाह के शासकीय अस्पताल लाया गया है।जहां उसका पीएम किया जाएगा। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सोमवार दोपहर 12 बजे की है। गवालू घाट पर पुलिया के पास एक कंटेनर क्रमांक एन 01एफ 0574 ने बाईक को टक्कर मारी। इस टक्कर से बाइक पर बैठे सतीश पिता रामाजी देवनालिया सड़क पर गिरे। जबकि पीछे बैठी सास शांताबाई पति मनोहर निवासी ग्राम सेमली (उदयनगर) की मौत हो गई।

इस घटना के बाद सडक के दोनों और वाहनों की कतार लग गई। सडक पर जाम लगने के चलते वाहनों को एक-एक करके पुलिस द्वारा निकाला गया। चालक को गिरफ्तार कर कंटेनर को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। इस दौरान उनके साथ ही अन्य बाइक पर चल रहे रिश्तेदार राहुल ने ने इसकी जानकारी रिश्तेदारों को दी।जिसके बाद वे ब?वाह के शासकीय अस्पताल पहुंचे। परिचितों से मिली जानकारी के अनुसार दामाद एवं सास दोनों बलवाड़ा के पास ग्राम पडावा में एक मान के कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे।

### घटना -02

### बलवाड़ा में सड़क हादसा-आइशर वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौके पर मौत; 100 मीटर दूर तक घसीटा

बड़वाह से करीब 20 किलोमीटर दूर बलवाड़ा में एक अज्ञात आइशर वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। इसके चलते बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि आइशर वाहन चालक बाइक को करीब 100 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गया। इस घटना के बाद मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

हालांकि पुलिस मोबाइल से उसके परिचितों से संपर्क स्थापित कर रही है। शव को बड़वाह के शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां शव का पीएम किया जाएगा। बलवाड़ा थाने में पदस्थ एसआई शंकर सिंह मुजाल्दे ने बताया कि यह घटना मंगलवार सुबह करीब 5-30 बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बलवाड़ा से करीब दो किमी दूर बड़वाह मार्ग पर तेज रफ्तार आइशर वाहन में बाइक सवार युवक को टक्कर मारी।

### भागने की फिराक में घसीटा

इस टक्कर में बाइक सवार की तत्काल मौत हो गई। वही भागने के चक्कर में आइशर वाहन ने रुकने के बजाय गति और बढ़ा दी। जिसके चलते 100 से 150 मीटर तक बाइक घसीटते हुए चली गई। इसकी जानकारी पुलिस को लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम किया।

क्योंकि मृतक के पास किसी भी तरह का कोई भी आईडेंटिटी कार्ड नहीं मिला है। यही कारण है कि पुलिस ने मृतक के मोबाइल से संपर्क किया है। अब जब परिचित जब बड़वाह के शासक अस्पताल पहुंचेंगे, तो ही वे की सही शिनाख्त कर पाएंगे। इधर, पुलिस आइशर वाहन चालक की तलाश में भी जुट गई है।

### घटना 03-

### बड़वाह नर्मदा रोड पर दुर्घटनाःओंकारेश्वर की युवती पर चढ़ा आयशर का पहिया, उपचार के दौरान तोड़ा दम

बड़वाह-नर्मदा मार्ग पर स्कूटी सवार तीन युवतियां असंतुलित होकर सड़क पर गिर गई। पीछे से आ रहे आयशर वाहन का पहिया 19 वर्षीय युवती के कंधे पर चढ़ गया। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह युवती को पहिए से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल युवती को बड़वाह के शासकीय अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

चेहरे एवं कंधे पर अधिक चोट आने से युवती को बड़वाह शासकीय अस्पताल से इंदौर रेफर किया जा रहा था। तभी युवती ने दम तोड़ दिया। घटना मंगलवार शाम करीब 5-30 बजे की है। ओमकारेश्वर निवासी राजनंदनी पिता राजू सोलंकी अपनी दो अन्य सहेलियों निधि पिता मंगल वर्मा(19) एवं नेहा पिता मंगल वर्मा (23) के साथ बड़वाह खरीदी करने आई थी।

### सत्कार ढाबे के पास हादसा

वापस लौटते समय सत्कार ढाबे के पास उनका वाहन असंतुलित होकर सड़क पर गिर गया। इस हादसे में दो अन्य सहेलियां एक तरफ तो वही राजनंदनी सड़क पर ही गिर गई। पीछे से आ रहे आयशर वाहन ने अपने गति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। इसके बावजूद पहिया सड़क पर पड़ी राजनंदनी के कंधे पर चढ़ गया।

दुर्घटना देखकर मौके पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पहिए से दबी राजनंदनी को किसी तरह बाहर निकाला। वहां से गुजर रहे टैक्सी चालक नारायण आंवले ने घायल राजनंदनी को टैक्सी से बड़वाह सिविल अस्पताल लाए। इस घटना की जानकारी राजनंदनी के परिजनों को भी दे दी गई है। वे बड़वाह पहुंचे। नेहा, निधि दोनों बहनों को भी इस हादसे में मामूली चोट आई है।

### शादी की खरीदी के लिए आए थे बड़वाह

इस हादसे में घायल नेहा की शादी अगले माह जून में होने वाली थी। इसी के चलते नेहा अपनी बहन निधि एवं सहेली राजनंदनी के साथ बड़वाह खरीददारी करके लौट रही थी। निधि गाड़ी चला रही थी। हालांकि निधि के अनुसार पीछे से टक्कर लगने पर स्कूटी गिरी थी।

# पुलिया निर्माण का मामला-सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को किया नोटिस जारी

## दो दिन में शुरू करें काम अन्यथा कार्रवाई के लिए रहें तैयार

पुलिया निर्माण का मामला-सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक को किया नोटिस जारी, कहा- दो दिन में शुरू करें काम अन्यथा कार्रवाई के लिए रहें तैयार

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील व ग्राम नवलपुरा में ग्रामीणों के बीच हुई तीखी बहस के बाद संबंधित पुलिया को लेकर शुक्रवार को जनपद पंचायत सीईओ रोहित पचौरी ने ग्राम पंचायत हमीरपुरा के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को दो दिन में कारण बताने का नोटिस थमा दिया है। नोटिस में स्पष्ट उल्लेख किया गया है इस काम को दो दिन में शुरू किया जाए अन्यथा आपके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

इधर नोटिस मिलने के बाद से पंचायत से जुड़े जिम्मेदारों के सामने एक नई समस्या खड़ी हो गई है। उनका कहना है कि हम जिस समस्या के समाधान के लिए ही सांसद व विधायक सचिन बिरला से मिलकर हल कराना चाहते थे उसी को लेकर अब हमें नोटिस दिया जा रहा है। नोटिस मिलने के बाद अब पंचायत से जुड़े लोग इस स्वीकृत पुलिया को वापस आरईएस को सौंप देने का जवाब देने की तैयारी में लगे हुए है।

पंचायत के सरपंच प्रतिनिधि सुखलाल राठौर ने बताया इतनी राशि में कोई भी ठेकेदार काम करने को तैयार नहीं हो रहा है। इसके चलते ही हमने योजना बनाई थी कि जनप्रतिनिधियों से मिलकर इसकी राशि बढ़वा ली जाए लेकिन अब इस तरह की स्थिति उत्पन्न होने के बाद सीईओ द्वारा दिए गए नोटिस के जवाब में इस पुलिया को वापस आरईएस को सौंपने का मन बना रहे हैं।

### नोटिस में यह लिखा

समाचार पत्रों में 28 अप्रैल को पुलिया को लेकर ग्रामीण एवं सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के बीच हुई बहस को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मामला सामने आने के बाद अब अधिकारियों द्वारा इस पुलिया को प्रमुखता से लिया जा रहा है। यहीं कारण है कि सालों से अटकी पुलिया के मामले में जनपद के अधिकारियों की एकाएक नींद खुली है।

जनपद से 28 अप्रैल को ही आनन फानन में पंचायत के सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक को नोटिस थमा दिया गया है। नोटिस में उल्लेख किया गया है मनरेगा योजना से वर्ष 2022-23 में नवलपुरा मार्ग पर पुलिया निर्माण का कार्य स्वीकृत होकर अभी तक शुरु नहीं किया गया है। उक्त पुलिया निर्माण कार्य को प्राथमिकता से दो दिन में शुरू कर प्रगतिरत कार्य के फोटोग्राफ्स से अवगत कराएं। अन्यथा कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### जनवरी 2019 के रेट पर अब कैसे काम करेगा ठेकेदार

ग्रामीणों ने बताया इस पुलिया की स्वीकृति जनवरी की शुरुआत में ही हो गई थी। जानकारी के अनुसार उस समय इस कार्य के लिए तीस लाख चौतीस हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे। इसके साथ ही इस पुलिया के लिए बनी टेक्नीकल रिपोर्ट के कॉलम 11 में भी रेट को लेकर उल्लेख किया गया है।

जिसमें स्पष्ट उल्लेख किया गया है इस टेंडर के रेट 4 जनवरी 2019 के अनुसार लागू किए गए है। पंचायत के सामने भी वर्तमान में काम ना शुरू होने का मुख्य कारण यही आ रहा है कि जनवरी 2019 के रेट के अनुसार वर्तमान में अब कौन ठेकेदार काम करेगा। इसी को लेकर ग्रामीण जनप्रतिनिधियों से लगातार मुलाकात भी कर रहे थे।

### ग्रामीणों ने मांगी थी पुलिया, सांसद ने बोल्डर वॉल के लिए लिखा पत्र

मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण गुरुवार को सांसद ज्ञानेश्वर पाटील से मिलने के पहले भी एक बार पुलिया को लेकर मुलाकात कर चुके थे। ग्रामीणों ने तब भी उन्हें पुलिया को लेकर समस्या से अवगत कराया था।

बताया जाता है कि सांसद पाटील ने इसके बाद नवलपुरा नाले पर रास्ते किनारे बोल्डर वॉल का निर्माण कराने को लेकर बड़वाह जनपद सीईओ रोहित पचौरी को मार्च 2023 में पत्र लिखा था। इसके बावजूद भी इस कार्य के लिए भी अधिकारियों द्वारा कोई खास प्रयास नहीं किए गए। वहीं अब आनन फानन में पंचायत से जुड़े लोगों को दो दिन में काम शुरू करने का नोटिस थमा दिया है।

### ये बोले जिम्मेदार

ग्रामीणों की समस्या सामने आने के बाद मेरे द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। हमारी पहली प्राथमिकता यह है कि काम होना चाहिए। यदि राशि की कमी पड़ती है तो एक बार फिर से इस्टीमेट में बढ़ाकर काम कराया जाएगा। ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण होना चाहिए।

- ज्ञानेश्वर पाटिल, सांसद

हमारे द्वारा नोटिस जारी किया गया है। दो दिन में यदि उनके द्वारा काम शुरू नहीं किया जाता हैं तो उनके विरुद्ध जिला पंचायत को अवगत करवाकर कार्रवाई की जाएगी।

- रोहित पचौरी, सीईओ जनपद पंचायत बड़वाह

# 75 वे श्री विष्णु महायज्ञ में पत्रिका देकर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को किया गया आमंत्रित



**बड़वाह - माँ नर्मदा के उत्तर तट पर स्थित सुंदर धाम आश्रम में 24 मई से 30 मई गंगा दशमी तक होने वाले 75वे श्री विष्णु महायज्ञ का आमंत्रण मंगलवार को भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को देकर यज्ञ में आमंत्रित किया गया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल व विधायक सचिन बिरला के साथ आश्रम के व्यवस्थापक 108 श्री नारायणदास जी महाराज एवम आश्रम के भक्त अनिल राय, रवि जैन, जितेंद्र सुराणा, मोहन मलगाया ने भोपाल में मुख्यमंत्री श्री चौहान से मुलाकात कर उन्हें सप्त दिवसीय अमृत महोत्सव के रूप में मनाए जाने वाले धार्मिक समागम को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की। एवम उनसे इस भव्य समागम में शामिल होने की अपील की।**

जिस पर मुख्यमंत्री ने गुरु महाराज व सांसद विधायक को इस कार्यक्रम में आने का पूर्ण आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर विधायक श्री बिरला ने मुख्यमंत्री श्री चौहान से नावघाट खेडी से आश्रम तक रोड बनाने के साथ ही नावघाट खेडी से चारुकेश्वर आश्रम तक नर्मदा तट पर स्नानार्थियों व सन्त महंतो के लिए स्नान व पूजन के लिए घाट बनाने, नहर मार्ग पर दोनों और पक्की स?क व नहर पर रेलिंग लगाने सम्बन्धी मांग भी की। इस अवसर पर चारुकेश्वर आश्रम के गोपाल चेतन्य महाराज ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को चारुकेश्वर आश्रम में 11 से 14 मई तक होने जा रहे मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आने का निमंत्रण भी दिया।

उल्लेखनीय है कि सुंदर धाम आश्रम में गंगा दशमी पर्व पर हर वर्ष जगत व विश्व कल्याण के लिए सप्त दिवसीय श्री विष्णु महा यज्ञ का आयोजन होता है। इस वर्ष आश्रम में 75वे श्री विष्णु महायज्ञ के लिए ऐतिहासिक एवम अभूतपूर्व आयोजन को लेकर आश्रम के गादीपति परम पूज्य तपोनिष्ठ गुरुदेव भगवान श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत श्री बालक दास जी महाराज (लोहा लंगड़ी) एवम 108 श्री नारायण दास जी महाराज प्रतिदिन आश्रम के भक्तों को उनके निवास पर जाकर निमंत्रण देकर आमंत्रित कर रहे है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री चौहान को भी आमंत्रित किया गया है।